**भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय,**
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल – 17

**:Phone** 2737446 **Fax**: 2661263 **Website**:bsgmp.net **E_mail**:bsgmadhypradesh@gmail.com

ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 वार्षिक समीक्षा बैठक दिनांक 9 से 11 मार्च 2016
राज्य प्रशिक्षण केन्द गांधीनगर भोपाल

**कार्यवाही विवरण**

राज्य स्तरीय संगठनाधिकारियों की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 9 से 11 मार्च 2016 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल किया गया जिसमें निम्न संगठन संगठनाधिकारी उपस्थित रहे–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रकाश दिसोरिया | राज्य सचिव राज्य मुख्यालय भोपाल । |
| 2 | श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर | एस0ओ0सी0 (गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल । |
| 3 | श्री एच0सिद्धिकी | एस0टी0सी0 (स्काउट), राज्य मुख्यालय भोपाल । |
| 4 | श्री हरिदत्त शर्मा | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0 शहडोल |
| 5 | श्री बी0एल0 शर्मा | सहायक संगठन आयुक्त (स्काउट) संभागीय कार्या0जबलपुर |
| 6 | श्रीमती सी0के0उपाध्याय | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0इन्दौर |
| 7 | श्रीमती संतोष सिंह | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 रींवा |
| 8 | श्री प्रमोद गंगराड़े | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0) संभा0कार्या0 उज्जैन |
| 9 | श्रीमती उषा यादव | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) संभा0कार्या0 भोपाल |
| 10 | श्री धीरज सोनी | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0सागर |
| 11 | श्री सुखदेव सिंह चौहान | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0 ग्वालियर |
| 12 | श्री राजेश मेवाड़े | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला भोपाल |
| 13 | श्री सुशील बिल्लोरे | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला रायसेन |
| 14 | श्री गजराज सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला सीहोर |
| 15 | श्रीमती अनीता सोनेवाने | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला विदिशा |
| 16 | श्री उमेश श्रीवास्तव | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला बैतूल |
| 17 | श्री शंकरसिंह इक्टोरिया | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला ग्वालियर |
| 18 | श्री वीरसिंह यादव | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला मुरैना |
| 19 | श्रीमती शर्मिष्ठा जगताप | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला गुना |
| 20 | श्री अतिबल सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला भिण्ड |
| 21 | श्री सुशील कुशवाह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला धार |
| 22 | श्री गणेश श्रीवास्तव | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला अलीराजपुर / बडवानी |
| 23 | श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला छिंदवाडा / सिवनी |
| 24 | श्री ललित मिश्रा | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला कटनी |
| 25 | श्री इनेन्द्र डहरवाल | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला बालाघाट |
| 26 | श्री विश्वनाथ मिश्रा | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला सीधी |
| 27 | श्रीमती अनुभूतिसिंह | डी0ओ0सी0 (गाइड) जिला उज्जैन |
| 28 | श्री मनोज पटेल | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला उज्जैन |
| 29 | श्रीमती कंचन सिंह | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला सागर |
| 30 | श्री मुंशीलाल अहिरवार | डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला टीकमगढ |
| 31 | श्री दयाशंकर तिवारी | प्र0डी0ओ0सी0 (स्काउट) जिला छतरपुर |
| 32 | श्री बी0एल0चौरे | प्र0 स0राज्य संगठन आयुक्त (स्का0)संभा0कार्या0 शहडोल |



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

बैठक का प्रारंभ सर्वप्रथम ईशप्रार्थना से किया गया । एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा सभी का स्वागत करते हुये बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी ।

कुछ सदस्यों द्वारा बैठक प्रातः 11.00 से प्रारंभ करने का निवेदन किया । अन्त में सभी सदस्यों द्वारा निर्णय लिया कि अंतिम दिवस शाम 4.30 बजे पर यदि समापन कर दिया जाता हे तो प्रथम दिवस प्रातः 9.00 बजे से प्रारंभ किया जाना ठीक है ।

## अ – युवा कार्यक्रम :–

एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा राष्ट्र व राज्य स्तर पर संभाग व जिलेवार प्रतिभागिता की जानकारी प्रस्तुत की गई ।

1- राष्ट्र स्तर पर स्काउट/गाइड का निर्धारित कोटा होने के पश्चात् भी मात्र एक विभाग से कोटा पूर्तिकर भेजे जा रहे है । जिनमें उज्जैन (रतलाम), जबलपुर (कटनी) से स्काउट विभाग से पूर्ति की गई है । शहडोल को 2 कार्यक्रम आंवटित किये गये थे जिसमें एक कार्यक्रम में मात्र स्काउट सम्मिलित कराये गये ।

**निर्णय :–** आंवटित कोटे की यथा समय पूर्ति करें अथवा समय सीमा में सूचित करें ताकि अन्य संभाग से कोटा की पूर्ति हो सकें । **कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0**

2-- राज्य स्तर पर प्रतिभागिता :– राज्य स्तर पर प्रतिभागिता में भोपाल एवं जबलपुर संभाग की प्रतिभागिता अच्छी रही है । इसी प्रकार भोपाल व कटनी जिले से संख्या में एवं सागर व ग्वालियर जिले से अधिकतम कार्यक्रमों में प्रतिभागिता दी गई । तदर्थ एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा बधाई दी गई । जिला राजगढ़, झाबुआ, बुरहानपुर, दतिया, सिवनी, मण्डला, डिंडौरी, नीमच से निरंक है शेष रायसेन, मुरैना, भिण्ड, टीकमगढ़ को छोड़कर सभी जिलों में प्रतिभागिता अत्यन्त न्यून है ।

राज्य स्तर पर गाइड उन्नयन, एडवेंचर केम्प, कब–बुल उत्सव, केम्पूरी, चतुर्थचरण–हिरकपंख जांच शिविर में प्रतिभागिता न्यून रही है ।

**निर्णय :–** 1. राज्य स्तर पर एडवेंचर केम्प में भाग लेने के पश्चात् ही राष्ट्रीय एडवेंचर केम्प में भाग लेने का अवसर दिया जावेगा । प्रत्येक जिला न्यूनतम 50 युवाओं की प्रतिभागिता अवश्यक करावे।

2. राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में न्यूनतम 80 प्रतिशत प्रतिभागिता अनिवार्यतः करायी जाना है ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

3- गुणात्मक स्थिति :– राज्य स्तर पर युवा गुणात्मक स्तर पर जानकारी प्रस्तुत की गई । सभी संभागों में समग्र अवलोकन करने पर पाया कि जिला स्तर तक जांच के स्तर पर लक्ष्य से अधिक पूर्ति हो रही है । किन्तु संभाग व जिला स्तर पर नहीं हो पा रही है । साथ ही कब–बुलबुल व रोवर–रेंजर के गुणात्मक स्तर की स्थिति दयनीय है ।

तृतीयचरण–स्वर्णपंख भोपाल, ग्वालियर, धार जिले से है शेष सम्पूर्ण जिले नगण्य है । प्रवीण, निपुण रोवर–रेंजर जांच ग्वालियर, खरगौन, इन्दौर, सागर, दमोह, शाजापुर से प्रतिभागिता रही शेष जिले निरंक है ।

तृतीय सोपान में राजगढ़, बैतुल, हरदा, गुना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, मण्डला, सतना, सीधी, सिंगरौली, दमोह, टीकमगढ़, उमरिया, डिंडौरी, शाजापुर, नीमच की प्रतिभागिता निरंक है जबकि गतवर्ष में द्वितीय सोपान प्रतिभागिता है ।

इसी प्रकार राज्य पुरस्कार व राष्ट्रपति अवार्ड में 50 प्रतिशत से कम की प्रतिभागिता रही है । राज्य की व्यवस्था अनुसार द्वितीय सोपान, द्वितीयचरण–रजतपंख जांच जिला स्तर पर एवं तृतीय सोपान, तृतीयचरण–स्वर्णपंख, प्रवीण/निपुण जांच संभाग स्तर किया जाना है किन्तु कब–बुलबुल व रोवर–रेंजर के जांच शिविर आयोजित नहीं होने से प्रगति कमजोर हो रही है । सभी ए0एस0ओ0सी0 ने एकमत से कहा कि कब–बुलबुल के संस्थाओं में शुल्क का प्रावधान नहीं है । अतः तृतीयचरण–स्वर्णपंख तक की जांच शिविर स्थानीय स्तर पर 3 दिवस की हो एवं विकास/विशेष शुल्क के संबंध में एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा कहा कि शुल्क से संबंधित



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

नीतिगत मामला है जो कार्यकारिणी में प्रस्तुत किया जा सकेगा । शेष स्थानीय दिवस में जांच किये जाने का आदेश प्राप्त कर पालन किया जा सकेगा ।

**निर्णय :–1.** राज्य पुरस्कार जांच शिविर हेतु पूर्व में माह अप्रेल 2016 तक आवेदन फार्म प्राप्त होने एवं उनकी जांच पश्चात् शिविर में सम्मिलित किये जाने की एकमत से सहमति व्यक्ति की गई । सभी डी0ओ0सी0 जिला स्तर के जांच शिविर व उस स्तर के दल रिकार्ड तथा ए0एस0ओ0सी0 संभाग स्तर पर की जांच शिविर के संचालन कर उस स्तर के दल रिकार्ड के प्रति उत्तरदायी होगें ।

2 संभाग स्तर के जांच शिविर ए0एस0ओ0सी0 व जिला स्तर के जांच शिविर डी0ओ0सी0 द्वारा संचालित कर उत्तरदायी होगें ।

3 राज्य स्तरीय परीक्षक प्रशिक्षक कार्यशाला में प्रत्येक जिले से प्रतिभागिता सुनिश्चित करें ।

**कार्यवाही–एस0ओ0सी0/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

4- प्रधानमंत्री/उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता :– प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता में राजगढ़, अशोकनगर, हरदा, बैतुल, झाबुआ, खण्डवा, बुरहानपुर, अलीराजपुर, बालाघाट, सिवनी, कटनी, मण्डला, उमरिया, अनुपपुर, डिडोरी, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, नीमच, निरंक है एवं उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता में भोपाल, विदिशा, सीहोर भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर, सागर से पंजीकृत हुये है गतवर्ष के 310 पंजीकृत दलों से एक भी लॉगबुक प्राप्त नहीं हुई है ।

**निर्णय :–1** इस सत्र के पंजीकृत दलों से लॉगबुक एकत्र कर अनिवार्यतः प्रेषित करें एवं प्रत्येक जिले के 20 दलों मे से 4–4 दलों से पंजीयन प्रेषित करें ।

5- ग्रेडिंग व जिला प्रोफाईल :– एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा बताया गया कि सभी जिलों से कार्यक्रम पश्चात् समय पर प्रतिवेदन प्रेषित नहीं किये जा रहें है । जिसके कारण आगामी प्रगति में कठिनाई उत्पन्न हो रही है एवं वार्षिक प्रतिवेदन, प्रोफाईल के समय समस्त जानकारी अंकित रहती है किन्त प्रतिवेदन अप्राप्त रहता है ।

ग्रेडिंग का विवरण भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, सागर संभाग व छिंदवाडा जिले से प्राप्त है । जिला प्रोफाईल जिला विदिशा, शिवपुरी, अशोकनगर, होशंगाबाद, धार, बालाघाटा, छिंदवाड़ा, कटनी, रींवा, सीधी, सिंगरौली, सागर, दमोह, टीकमगढ़, उज्जैन, देवास, रतलाम, शाजापुर, नीमच, से प्राप्त है शेष 29 जिलों अप्राप्त है जबकि माह फरवरी 2016 तक जिला प्रोफाईल अनिवार्यतः प्रतिवर्ष प्राप्त होना चाहिये ।

**निर्णय :–** 31 मार्च 2016 तक सभी ग्रेडिंग की जानकारी व जिला प्रोफाईल प्रेषित करेगें ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

6- **मासिक कार्य प्रतिवेदन व कार्ययोजना** :– सभी संगठनाधिकारी द्वारा मासिक कार्य प्रतिवेदन व कार्ययोजना समय सीमा में निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत नही की जा रही है । इसी प्रकार मासिक उपस्थिति की एक साथ स्वयं द्वारा प्रमाणित कर प्रेषित कर दिया जाता है जिसके कारण वेतन भुगतान नहीं हो पाता है ।

एस0ओ0सी0 (गाइड) द्वारा बताया गया कि श्री बी0एल0शर्मा, श्री अतिबल सिंह, श्री गणेश श्रीवास्तव, श्री इनेन्द्र डहरवाल, श्री अनिल सोनी, के मार्च 2015 से आज तक तथा श्री हरिदत्त शर्मा, श्रीमती शर्मिष्ठा जगताप, गजराजसिंह, श्रीमती कंचनसिंह के सितम्बर 2015 तथा श्री मुकेश कुशवाह, श्री दयाशंकर तिवारी, का माह जुलाई 2015 से प्रतिवेदन व कार्ययोजना अप्राप्त है । जिसके कारण प्रगति लक्ष्यपूर्ति आंकलन व संबंधित के कार्य क्षमता का आंकलन उनके वार्षिक वेतन संविदा वृद्धि में नहीं हो पाता है ।

**निर्णय :–** 1 सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मासिक कार्यप्रतिवेदन लक्ष्यपूर्ति की स्थिति के साथ संभाग को 01 तारीख तक प्रेषित करें एवं संभाग द्वारा 05 तारीख तक राज्य मुख्यालय भोपाल को प्रेषित करेंगें ।

2. मासिक उपस्थिति प्रतिमाह दिनांक 15 से 14 तक की तैयार कर नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर से प्रेषित करें ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

7- **प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम व योजना** :– राज्य स्तरीय प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम व योजना 2016–2017 पर समूह चर्चा की गई । चर्चा उपरान्त निम्न प्रस्ताव प्रमुख रूप से प्राप्त हुये–

1. राज्य पुरस्कार जांच शिविर जुलाई–अगस्त में किये जावें ।
2. निपुन जांच शिविर आयोजित हो, प्रशिक्षण शिविर नहीं ।
3. बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर जिला स्तर पर आयोजित हो ।
4. स्काउटर–गाइडर सेमीनार संभाग स्तर पर आयोजित किये जावे ।
5. हाईक व ट्रेकिंग में उनहें अवसर दिया जावे जहॉ दल में निरंतर प्रगति प्रशिक्षण दिया जा रहा हों ।
6. एडवांस प्रशिक्षण शिविर संभाग स्तर पर आयोजित किये जावे ।
7. प्रशिक्षण केन्द्रों के भौतिक व्यवस्था में सुधार हो ।
8. सभी जिलों में डी0ओ0सी0 के पद की पूर्ति की जावें ।
9. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को जिला मुख्य आयुक्त बनाया जावे ताकि वित्तीय नियंत्रण हो सके ।
10. वर्ष में एक बार जिला संघो का लेखा परीक्षण या अवलोकन हो ।
11. लोक शिक्षण संचालनालय के वार्षिक कलेण्डर में स्काउट/गाइड कार्यक्रम का समावेश हो । सभी संगठनाधिकारियों से वार्षिक कार्यक्रमानुसार माह अप्रेल 2016 से जुलाई 2016 तक की प्रस्तावित कार्ययोजना तैयार करायी गयी एवं जिला/संभाग स्तर कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया ।

**निर्णय** :– 1 सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम व योजना अनुसार कार्ययोजना तैयार कर दिये गये लक्ष्यों की पूर्ति किया जावेगा ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

8- **कबिंग शताब्दी वर्ष** :– राष्ट्रीय स्तर पर कबिंग शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कबूरी व कब लीडर समिट का आयोजन माह दिसम्यबर 2016 में मोंगलीलेण्ड सिवनी में रखे जाने का प्रस्ताव है । अतः इसके सफल आयोजन हेतु ए0एस0ओ0सी0 जबलपुर पूर्ण व्यवस्था हेतु कार्यवाही प्रारंभ करें ।

9- **सिंहस्थ 2016 उज्जैन सेवाकार्य** :– सिंहस्थ 2016 उज्जैन में दिनांक 20 अप्रेल से 22 मई 2016 तक आयोजित सेवा शिविर को 4 अवधि में विभाजित किया गया है । जिसमें सेवा प्रभारी के दायित्व व तिथियॉ निश्चित कर बतायी गई । सेवा कार्य के साथ पोलिथीन मुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक जिला स्तर पर आयोजित अभिरूचि शिविरी में पुराने कपड़ों की थैलियॉ तैयार कर प्लास्टिक थैलियों के बदले यात्रियों को उपलब्ध कराया जावेगा ।

सिंहस्थ में सेवाकार्य के पूव्र एक दिवसीय प्रशिक्षण में सभी को अनिवार्यतः सम्मिलित होना है ।

10- **राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कार्यक्रम–स्वच्छ भारत सुन्दर भारत, फ्रीबिंग मी, मेसेंजर ऑफ पीस, सर्फसेवर कार्यक्रम** :– राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कार्यक्रम–स्वच्छ भारत सुन्दर भारत, फ्रीबिंग मी, मेसेंजर ऑफ पीस, सर्फसेवर कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिमाह किया जाना है तथा कार्यक्रम समाप्ति पश्चात् विस्तृत प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय भोपाल को प्रेषित करें ताकि उक्त प्रतिवेदन राष्ट्रीय मुख्यालय को 5 तारीख के पूर्व भेजी जा सके ताकि प्रकाशन हो सके ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

## ब – वयस्क प्रशिक्षण :–

एस0टी0सी0 (स्काउट) द्वारा वयस्क प्रशिक्षण की जानकारी देते हुये निम्न स्थिति स्पष्ट की –

1. सेल्फ लर्निंग माडूल्स कोर्स के संचालक एल0टी0/ए0एल0टी0 नहीं पाये गये एवं गाइड विभाग व एडवांस द्वारा भी संचालन किया है । अतः स्कीम ऑफ ट्रेनिंग के अनुसार केम्प आयोजित करें अन्यथा मान्य नहीं किया जावेगा ।
   सेल्फ लर्निंग माडूल्स कोर्स सीहोर, बैतुल, बडवानी, झाबुआ, बुरहानपुर, अलीराजपुर, गुना, दतिया, अशोकनगर, उमरिया, अनुपपुर में आयोजित नहीं हुये है ।
2. शिविरों के प्रतिवेदन, विकास/विशेष शुल्क की राशि समय पर प्राप्त नहीं हो रहें है । जिसके अभाव में शिक्षकों के प्रशिक्षण में कठिर्नाा उत्पन्न होगी ।
   बेसिक प्रशिक्षण शिविर में जिला बैतुल, हरदा, राजगढ़, सीहोर, झाबुआ, बुरहानपुर, अलीराजपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, श्योपुर, सिवनी, नरसिंहपुर, रींवा, उमरिया, अनुपपुर, डिंडौरी, उज्जैन, शाजापुर, मन्दसौर, नीमच, देवास, आगर की प्रतिभागिता निरंक रही है ।
   एडवांस कब मास्टर, फ्लाकलीडर, रोवर लीडर, रेंजर लीडर कोर्स में प्रतिभागिता न्यून रही है एवं सम्मिलित प्रतिभागियों की पात्रता पूर्ण न होने से आगामी प्रगति प्रशिक्षण में कठिनाई आ रही है ।

**निर्णय** :– 1. सभी बेसिक प्रशिक्षित से सम्पर्क कर दल संचालित करावे ।
2. एडवांस प्रशिक्षित यूनिट लीडर के दल के सदस्यों को तृतीयचरण/स्वर्णपंख, तृतीय सोपान, निपुण स्तर तक पहुंचाने में सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करें ।
3. प्रधानमंत्री/उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता हेतु यूनिट का पंजीयन करावें ।
4. प्रशिक्षित के दल के पंजीयन/नवीनीकरण, चार्टर, वारंट की व्यवस्था करें ।

**कार्यवाही–ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## स – पंजीयन :–

राज्य सचिव महोदय द्वारा बताया गया कि दल पंजीयन राशि एकत्र कर राज्य मुख्यालय भेजने हेतु शासन से आदेश जारी किया जा चुका है । अतः सभी अपने जिले में विगत वर्षो के पंजीयन की सूची तैयार कर राशि 10 अप्रेल 2016 तक प्रेषण करना सुनिश्चित करें । **कार्यवाही–पंजीयन कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## द – पत्रिका :–

राज्य के योजना अनुसार प्रत्येक जिले से 100 वार्षिक व 10 आजीवन नवीन सदस्य तैयार किये जाने का लक्ष्य है । मार्च 2016 तक की स्थिति में भिण्ड द्वारा लक्ष्य से अधिक पूर्ति की गई है । धार, छिंदवाड़ा, देवास, मन्दसौर, द्वारा वार्षिक सदस्यता में लक्ष्य से अधिक पूर्ति की है । शेष जिलों में लक्ष्यपूर्ति नही हुई है । सीहोर, हरदा, झाबुआ, बुरहानपुर, अलीराजपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, सिवनी, कटनी, नरसिंहपुर, सिंगरौली, उमरिया, डिंडौरी, नीमच, पन्ना में दोनों प्रकार की सदस्यता निरंक है ।

इसी प्रकार भिण्ड, सीहोर, भोपाल, कटनी, पन्ना, ग्वालियर से पूर्व वर्षो की विज्ञापन राशि आज दिनांक तक अप्राप्त है ।

**निर्णय** :– जिलों से सम्पर्क कर जिला संघ में रखी एवं विद्यालयों से पत्रिका व विज्ञापन राशि प्राप्त कर अनिवार्य रूप से लक्ष्य की पूर्ति करेगें ।

**कार्यवाही–पत्रिका कक्ष/ए0एस0ओ0सी0/डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड)**

## इ – भण्डार (साजसज्जा) :–

क्रय प्रबंधक द्वारा भण्डार के लेखा का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें सत्र 2015–16 में श्री राजेश मेवाड़े द्वारा 7 लाख व श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा 5.5 लाख से अधिक राशि की सामग्री विक्रय किया गया । सभी ने ताली बजाकर बधाई दी तथा बडवानी, कटनी, सीहोर, रायसेन, धार, छतरपुर, टीकमगढ़, बैतुल, एवं वार्डन गांधीनगर द्वारा लक्ष्य पूर्ति की गई। जिला उमरिया, देवास, उज्जैन, दतिया की विक्रय स्थिति नगण्य है ।

इस प्रकार स्टीकर राशि में उज्जैन संभाग द्वारा अंश राशि प्रेषित की गई है, शेष सभी संभाग से राशि अप्राप्त है ।

**निर्णय** :– प्राथमिकता से व्यक्तिगत सम्पर्क कर जिलों से राशि प्राप्त कर 31 मार्च 2016 तक राशि राज्य



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

मुख्यालय को प्रेषित करें एवं माह अप्रेल 2016 में सामग्री का भौतिक सत्यापन का प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें ।

**कार्यवाही–भण्डार कक्ष / ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 (स्काउट / गाइड)**

**खुला सत्र** :– राज्य सचिव महोदय के समक्ष सभी सदस्यों द्वारा अपनी कठिनाईयॉ व सुझाव रखें । प्रमुख रूप से पंजीयन राशि, युवा प्रशिक्षण में गुणात्मक सुधार लोने, प्रशिक्षण केन्द्रों पर भौतिक सत्यापन व्यवस्था उपलब्ध कराने, राज्य एडवेंचर गतिविधि का प्रचार–प्रसार पर राज्य सचिव द्वारा जोर दिया गया है । अंत में सभी को लक्ष्यपूर्ति के प्रति कटिबद्ध रहने हेतु स्मरण कराया ताकि संस्था की अपेक्षित प्रगति हो सके । सभी के द्वारा आश्वासन भी दिया गया ।

अंत में आभार श्री हिदायतुल्ला सिद्धिकी एस0टी0सी0 (स्काउट) द्वारा दिया गया व राष्ट्रगान के साथ बैठक सआनंद समाप्त की गई ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0 / 237–38 / रामु / गति. / वार्षिक समीक्षा बैठक / 2015–16 भोपाल, दिनांक 18 / 4 / 2016

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु–

1. माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. राज्य संगठन / प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. जिला शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट / गाइड) जिला ................................(म0प्र0) ।
5. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) / जिला संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) संभाग / जिला मुख्यालय ..........................................(म0प्र0) की ओर भेजकर निर्देश है कि उपरोक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार आवश्यक जानकारी / पालन प्रतिवेदन भेजे ।
6. समस्त शाखा प्रभारी ...................................राज्य मुख्यालय ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com